भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2942 का उत्तर

पृथक रेलवे जोन

2942. कुमारी राम्या हरिदासः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रेलवे द्वारा किसी नए क्षेत्र के लिए पृथक रेलवे जोन सृजित करने के लिए क्या पारंपरिक मानदंड निर्धरित किए गए हैं;

(ख) क्या प्रस्तावित जोन हेतु न्यूनतम यातायात और आय-सृजन की आवश्यकता संबंधी कोई शर्त होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एक नया रेलवे जोन सृजित करने के लिए क्षेत्र विशेष के पिछड़ेपन को भी महत्व दिया जाता है; और

(घ) यदि हां, तो देश में कितने रेलवे जोन हैं और विगत तीन वर्षों के दौरान इनके द्वारा अलग-अलग कितनी आय सृजित की गई?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

mm

पृथक रेलवे जोन के संबंध में दिनांक 10.07.2019 को लोक सभा में कुमारी राम्या हरिदास के अतारांकित प्रश्न सं. 2942 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): भारतीय रेल पर रेलवे ज़ोन आकार, कार्यभार, सुगम्यता, यातायात का पैटर्न और अर्थव्यवस्था की आवश्यकता और दक्षता के अनुरूप प्रशासनिक/परिचालनिक आवश्यकताओं जैसे कारकों को ध्यान में रखकर स्थापित किए जातें हैं, न कि क्षेत्र को ध्यान में रखकर किया जाता है।

(घ): इस समय, भारतीय रेल पर 17 ज़ोन हैं और विगत तीन वर्षों में उनके द्वारा सृजित की गई सकल आय निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	क्षेत्रीय रेलवे	सृजित सकल आय (करोड़ रु. में)		
		2016-17	2017-18	2018-19
1.	मध्य रेलवे	12,711.23	13,703.04	15,387.84
2.	पूर्व रेलवे	7,171.60	7,396.99	7,404.29
3.	पूर्व मध्य रेलवे	10,869.43	12,603.19	12,858.76
4.	पूर्व तट रेलवे	14,879.44	16,836.54	17,671.16
5.	उत्तर रेलवे	16,261.00	17,609.50	16,424.92
6.	उत्तर मध्य रेलवे	13,293.50	15,452.23	15,685.20
7.	पूर्वोत्तर रेलवे	3,140.38	3,305.46	3,450.89
8.	पूर्वोत्तर सीमा रेलवे	5,958.62	5,037.96	5,422.85
9.	उत्तर पश्चिम रेलवे	7,626.46	7,281.99	7,868.53
10.	दक्षिण रेलवे	7,510.29	7,674.38	8,464.11
11.	दक्षिण मध्य रेलवे	14,583.73	16,332.10	18,043.72
12.	दक्षिण पूर्व रेलवे	12,879.03	13,984.53	15,148.56
13.	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे	11,992.47	13,091.27	14,127.44
14.	दक्षिण पश्चिम रेलवे	4,607.22	4,816.59	4,945.98
15.	पश्चिम रेलवे	11,721.61	12,397.01	14,010.47
16.	पश्चिम मध्य रेलवे	9,878.29	10,968.43	12,820.82
17.	मेट्रो रेलवे	214.74	209.94	234.52
	कुल	1,65,299.04	1,78,701.15	1,89,970.06

*****

mm